Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 24-11-2006

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

an>

Title: Need for early procurement of jet trainers for IAF.

प्रो. रासा सिंह रावत : सभापति महोदया, हमें अपनी वायु सेना पर गर्व है, परन्तु हमें खेद के साथ कहना पड़ रहा है किमिग 21,25 और 29 विमानों में शुरुआत से कुछ तकनीकी खामियों और मेंटीनेंस संबंधी दिक्कतों के कारण एक के बाद एक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं और परिणामस्वरूप अरबों रुपए की हानि हुई है। देश के कई जांबाज पायलटों को खोना पड़ रहा है। बार-बार ि वमान दुर्घटनाओं से दुनिया में यह गलत संदेश भी जाता है कि हिन्दुस्तान की वायु सेना, जो इतनी बहादुर है, उनका बेड़ा नकारा हो चुका है।...(व्यवधान) विगत तीन वर्ों में रक्षा मंत्रालय के 43 विमान और 15 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।[rep69]

महोदया, मैं भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि भारतीय वायुसेना की प्रतिठा को बरकरार रखने के लिए उन्नत जैट प्रशिक्षक विमानों को अविलम्ब प्राप्त किया जाए और देश में प्रशिक्षण परियोजना हेतु मध्यम जैट प्रशिक्षक विमानों को जल्दी तैयार कराया जाए ताकि हमारी वायुसेना को इस प्रकार की स्थिति का सामना न करना पड़े।